देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 174 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
ऑनलाइन पर जोर



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 11 अक्तूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 21.0⁰ | 37244.59

2 रातभर गरजे तानाशाह के फाइटर जेट!

7 रणनीति के मुताबिक नहीं खेल पा रहे है

## संक्षिप्त समाचार

### तीन तलाक के खिलाफ जंग लड़ने वाली शायरा बानो भाजपा में हुईं शामिल

**संवाददाता** देहरादून। तीन तलाक प्रकरण में उच्चतम न्यायालय में प्रथम याचिकाकर्ता शायरा बानो भाजपा में शामिल हो गई हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंशीधर भगत ने पार्टी में उनका स्वागत किया। भगत ने आशा जताई कि कि जिस तरह से शायरा बानो ने दृढता के साथ तीन मामले की लड़ाई लड़ी। उसी तरह वह भाजपा के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगी। विशेष तौर पर अल्पसंख्यक समुदाय में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। तीन तलाक के खिलाफ जंग लड़ने वाली और सुप्रीम कोर्ट जाने वाली पहली महिला शायरा बानो पिछले दो साल से बीजेपी ज्वाइन करने की राह देख रही थीं।

### सड़क चौड़ीकरण के दौरान अचानक निकल आया आठ फीट लंबा कोबरा

**संवाददाता** देहरादून। प्रेमनगर में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान विशालकाय कोबरा निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कोबरा को बमुश्किल काबू किया। इस दौरान सड़क पर भीड़ जमा हो गई। फिलहाल, वन विभाग की टीम ने कोबरा को जंगल में छोड़ दिया है। दरअसल, देहरादून के प्रेमनगर में इनदिनों सड़क चौणीकरण का काम चल रहा है।

### विपक्षी दलों की सोच घटिया और इरादे खतरनाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा उप चुनाव की सात सीट पर होने वाले मतदान को लेकर अपनी तैयारी जोरदार ढंग से शुरू कर दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्य मोर्चे पर हैं जबकि मंत्रियों को विधानसभा का प्रभार देकर क्षेत्र में रहने को कहा गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ जौनपुर के मल्हनी के साथ ही देवरिया का दौरा कर चुके हैं जबकि प्रतिदिन वह एक विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद भी कर रहे हैं।

# सरकारी सिस्टम के प्रति बढ़ेगा विश्वास

## मुख्यमंत्री ने पंचायतों को प्रदान की 62.21 करोड़ की धनराशि

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में पंचायतों को राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि को डिजिटल माध्यम से प्रदेश के 7791 ग्राम पंचायतों, 95 क्षेत्र पंचायतों एवं 13 जिला पंचायतों को एक साथ कुल 62.21 करोड़ की धनराशि हस्तान्तरित की। हस्तानान्तरित की गई धनराशि में ग्राम पंचायतों हेतु रू0 19.30 करोड़, क्षेत्र पंचायतों हेतु रू0 14.48 करोड़, जिला पंचायतों हेतु रू0 28.43 करोड़ की धनराशि शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि पंचायतों को धनराशि का डिजिटल स्थानान्तरण होने से कार्यों में तेजी व पारदर्शिता आयेगी। इससे सरकारी सिस्टम के प्रति लोगों का विश्वास भी बढ़ेगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इण्डिया प्रोग्राम को साकार करते हुए पंचायतीराज विभाग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों को केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त से प्राप्त सभी अनुदान पी.एफ.एम.एस के माध्यम से एक साथ डिजिटल हस्तान्तरित किये जा रहे है, तथा त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा प्राप्त अनुदानों तथा स्वयं के आय स्रोत आदि से प्राप्त सभी धनराशियों से कराये जा रहे विकास कार्यों एवं अन्य गतिविधियों के सापेक्ष सभी भुगतान शत् प्रतिशत पी.एफ.एम.एस के माध्यम से डिजिटल रूप में किये जा रहे है। इस व्यवस्था के लागू होने से सभी पंचायतों को केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त होने वाली धनराशि तत्काल पंचायतों के खाते में पहुंच रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पंचायतों को एक साथ डिजिटल माध्यम से अनुदान की राशि हस्तान्तरित किये जाने के बाद पंचायतों को विकासपरक परियोजनाओं के साथ–साथ कोरोना वायरस महामारी से ग्रामवासियों के बचाव हेतु आवश्यक उपायों और बाहर से आये नागरिकों के संस्थागत quarantine सम्बन्धी व्यवस्था हेतु सामुदायिक भवनों (पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय या अन्य राजकीय भवन आदि) की साफ–सफाई, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था, मरम्मत, सैनिटाईजेशन, प्रचार–प्रसार आदि कार्यो को पूर्ण करने में सहायता मिलेगी। इस धनराशि से पंचायतों के अन्तर्गत जलापूर्ति की व्यवस्था, सीवरेज ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सैप्टेज प्रबंधन सहित जल निकासी एवं स्वच्छता, सामुदायिक परिसम्पत्तियों का रख–रखाव, स्ट्रीट लाईट तथा आंगनबाड़ी भवनों का निर्माणध्अतिरिक्त कक्षा–कक्ष आदि का निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण आदि विकास कार्य किये जाने में सुविधा होगी।

### समस्त ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबेण्ड इंटरनेट से जोडनाः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इण्डिया प्रोग्राम का उद्देश्य सरकारी सेवाओं की जानकारी ऑनलाईन माध्यम से जन सामान्य को पहुंचाने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ई–गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए समस्त ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबेण्ड इंटरनेट से जोडना है, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड में पंचायतीराज विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा समस्त ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों एवं जिला पंचायतों के बैंक खातों को पंचायतीराज, भारत सरकार द्वारा लागू ई–ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से पीएफएमएस–प्रिआ सॉफ्ट इंटरफेस के साथ जोड़ा गया है।

### सीएम ने की सराहना

मुख्यमंत्री ने कोरोना महामारी से निपटने हेतु पंचायतों द्वारा किये गये प्रयासों के लिये पंचायत प्रतिनिधियों के साथ–साथ सभी ग्राम वासियों द्वारा निभायी जा रही भूमिका की भी सराहना की। साथ–साथ सभी ग्राम वासियों से यह अपील की गयी कि वर्तमान कोविड–19 परिस्थितियों से बचाव हेतु भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करें।

# एलएसी में भारतीय सेना पूरी तरह से तैयारी में जुटी

## सी–17 ग्लोबमास्टर और चिनूक हेलीकॉप्टर लगा रहे चक्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मई के बाद से ही दोनों देशों के संबंध कड़वाहट भरे हो चुके हैं। चीन चाहता है कि वो अपने सैन्य पराक्रम को दिखाकर भारतीय इलाके में कब्जा कर सके लेकिन हर बार उनको मायूसी हाथ रही है। चीन की बौखलाहट का अंदाजा इसी ले लगाया जा सकता है कि कभी वो गाना बजाना करने लगता है तो कभी दोस्ती की बात करने लगता है लेकिन भारत हर मोर्चे पर अपनी तैयारी पुख्ता रख रहा है। भारत 1962 में धोखा देने वाले इस चीन की नस–नस से वाकिफ है। इसीलिए इसकी बातों पर कोई नहीं आ रहा है।

एलएसी में भारतीय सेना पूरी तरह से तैयारी में जुटी हुई है। भारतीय वायुसेना का बोइंग सी–17 ग्लोबमास्टर भी लद्दाख में तैनात है। यहां पर इस विमान से रसद खाद्य सामग्री की आपूर्ति की जाएगी। आज ग्लोबमास्टर को लेह एयरबेस में लैंड कराया गया। दरअसल, बोइंग सी–17 ग्लोबमास्टर यह विश्व के बड़े मालवाहक जहाजों में से एक है। ग्लोबमास्टर कारगिल, लद्दाख और अन्य उत्तरी और उत्तर पूर्वी सीमाओं जैसे कठिन जगहोंपर पर आसानी से उतर सकता है। इसके अलावा लैंडिंग में परेशानी होने की स्थिति में इसमें रिवर्स गियर भी दिया गया है। विमान चार इंजनों से लैस है। 81वीं स्क्वार्डन के ग्रुप कैप्टन को 'गोल्डन की' देकर विमान को भारतीय वायुसेना में शामिल किया। इस स्क्वार्डन को स्काईलॉर्ड्स नाम दिया गया है।

### माइक पॉम्पियों का बयान

अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो ने भारत को एक बड़े खतरे से आगाह किया है। उन्होंने चीन को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि उसने भारत की उत्तरी सीमा पर 60,000 सैनिक तैनात किए हैं। अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया पर आधारित 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्री मंगलवार को टोक्यो में मिले थे। उन्होंने कहा, 'मैं भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों के साथ था, चार बड़े लोकतंत्रों, चार शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं, चार राष्ट्रों के इस प्रारूप को क्वाड कहते हैं।

### चिनूक हेलीकह्प्टर की ताकत

इसके बाद वायुसेना ने चिनूक हेलीकॉप्टर को भी तैयार कर रखा है। आज लद्दाख इलाके में चिनूक भी अपने काम में जुटा रहा। इन दोनों विमानों को खास तौर पर आपूर्ति के लिए तैयार किया जा रहा है।

# प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**संवाददाता**

जोशीमठ(चमोली)। प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट पूरे विदि–विधान के लिए शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। कपाट बंद होने के दौरान करीब 1350 सिख श्रद्धालु अंतिम अरदास के साक्षी रहे। इसके साथ ही पवित्र तीर्थ लक्षण मंदिर–लोकपाल के कपाट भी बंद हुए हैं। आपको बता दें, हेमकुंड साहिब के कपाट हर साल मई महीने में खुलते थे, लेकिन इस बार कोरोना महामारी के चलते एहतियातन चार सितबर को खोले गए। गौरतलब है कि चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब सिखों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है।

समुद्रतल से 15225 फीट की ऊंचाई पर चमोली जिले में स्थित है सिखों का पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब ।शनिवार दोपहर डेढ़ बजे धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के दौरान करीब 1350 सिख श्रद्धालु अंतिम अरदास के साक्षी रहे। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शनिवार सुबह से शुरू हो गई थी। सुबह साढ़े नौ बजे पहली अरदास हुई। इसके बाद 10 बजे सुखमणी का पाठ और 11 बजे शबद कीर्तन हुआ। दोपहर साढ़े 12 बजे इस साल की अंतिम अरदास पढने के बाद गुरू ग्रंथ साहिब को पंच प्यारों की अगुवाई में सचखंड में विराजमान किया गया और फिर कपाट पूरे विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस वर्ष कोरोना महामारी के चलते हेमकुंड साहिब के कपाट देर से चार सितंबर को श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। इस साल 36 दिनों तक चली यात्रा में करीब 8500 श्रद्धालुओं ने हेमकंड साहिब में मत्था टेका, जबकि पिछले वर्ष 2.39 लाख से अधिक श्रद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचे थे। बताया कि हेमकुंड साहिब पहुंचे सभी श्रद्धालुओं ने भी कोविड–19 की गाइड लाइन का पूरी तरह से पालन करते हुए ट्रस्ट को पूरा सहयोग दिया है।

### कपाट बंद

■इस बार सिर्फ 36 दिन चली यात्रा


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# बीजेपी सांसद से मिलते ही गले लगकर रोने लगे चिराग

## पासवान को अंतिम विदाई, बेहद गमगीन हुआ माहौल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। एलजेपी संस्थापक और केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को अंतिम विदाई के लिए पटना में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा है। हजारों की संख्या में रामविलास पासवान के प्रशंसक और उनके पार्टी के कार्यकर्ता समेत आम लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। दिवंगत नेता का अंतिम संस्कार पटना में गंगा किनारे स्थित दीघा घाट पर किया जाएगा। इससे पहले पक्ष–विपक्ष के कई नेताओं ने रामविलास पासवान के पटना स्थित आवास पर आकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान बेहद भावुक करने देने वाला मौका भी आया जब बीजेपी सांसद रामकृपाल यादव जैसे ही चिराग पासवान से मिलने पहुंचे, तो एलजेपी अध्यक्ष उन्हें देखते ही उनसे लिपट गए और फूट–फूटकर रोने लगे।



रामकृपाल यादव एलजेपी अध्यक्ष चिराग पासवान से मिले।